नवंबर 2023

₹ 20

# समाजवादी बुलेटिन




## साइकिल ने पकड़ी रफ्तार

# अबकी बार PDA सरकार

R.N.I. No. 68832/97

केन्द्र व राज्य सरकार के पास इतनी बड़ी मशीनरी होती है तब जाति के आधार पर जनगणना कराने में क्या परेशानी है। देश की जनसंख्या बढ़ गई है और जाति के आधार पर पूरा आरक्षण नहीं मिल रहा है इसलिए जाति जनगणना जरूरी है।

**मुलायम सिंह यादव**
संस्थापक, समाजवादी पार्टी



# समाजवादी बुलेटिन

नवंबर 2023

वर्ष 25 | संख्या 01


*प्रिय पाठकों*

*आप सभी के प्यार, उत्साहवर्धन एवं मार्गदर्शन से आपकी प्रिय पत्रिका समाजवादी बुलेटिन, बदली हुई साज-सज्जा के साथ अपने तीसरे वर्ष में प्रवेश कर चुकी है। हम आपके आभारी हैं कि अभी तक के सफर में हम आपकी कसौटी पर खरे उतर सके हैं। हम भरोसा दिलाते हैं कि भविष्य में भी आपकी उम्मीदों पर खरा उतरने की हम कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। कृपया अपना प्यार यूं ही बनाए रखें।*

*धन्यवाद*


प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक

**प्रोफेसर रामगोपाल यादव**



☎ 0522 - 2235454

samajwadibulletin19@gmail.com

bulletinsamajwadi@gmail.com

Mob:- 9598909095

/samajwadiparty



समाजवादी पार्टी के लिए

19, विक्रमादित्य मार्ग, लखनऊ से प्रकाशित

अवध पब्लिशिंग हाउस, 8 पान दरीबा, लखनऊ से मुद्रित

R.N.I. No. 68832/97


# अंदर


आजम साहब के साथ मजबूती से डटी सपा 40





12 कवर स्टोरी

## अबकी बार PDA सरकार





## समाजवाद को धार देने का संकल्प 04

नेताजी की जयंती पर स्मारक के लिए हुआ भूमि पूजन




समाजवादी पार्टी के संस्थापक नेताजी मुलायम सिंह यादव की 85वीं जयंती पर 22 नवंबर को उन्हें नमन किया गया। श्रद्धापूर्वक नेताजी को याद करते हुए समाजवाद के उनके बताए रास्ते पर चलते हुए गरीबों, मजलूमों, शोषितों, महिलाओं, दलितों, पिछड़ों व अल्पसंख्यकों के अधिकार-सम्मान के लिए संघर्ष का समाजवादियों ने संकल्प लिया।


मध्य प्रदेश चुनाव : अखिलेश को सुनने उमड़ी भीड़ 34

बहन-बेटियों को मिला सपा का साथ 42

## नेताजी की जयंती पर सैफई में स्मारक के लिए हुआ भूमि पूजन

# समाजवाद को धार देने का संकल्प

बुलेटिन ब्यूरो

समाजवादी पार्टी के संस्थापक नेताजी मुलायम सिंह यादव की 85वीं जयंती पर 22 नवंबर को उन्हें नमन किया गया। श्रद्धापूर्वक नेताजी को याद करते हुए समाजवाद के उनके बताए रास्ते पर चलते हुए गरीबों, मजलूमों, शोषितों, महिलाओं, दलितों, पिछड़ों व अल्पसंख्यकों के अधिकार-सम्मान के लिए संघर्ष का समाजवादियों ने संकल्प लिया।

सामाजिक न्याय की लड़ाई में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव का साथ देने के लिए भी समाजवादियों ने प्रतिबद्धता बताई ताकि नेताजी के समाजवाद के सपनों को साकार किया जा सके।

नेताजी की जयंती का मुख्य कार्यक्रम नेताजी की जन्मस्थली सैफई में हुआ जिसमें नेताजी की याद में भव्य स्मारक के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव ने भूमि पूजन किया। स्मारक 8.3 एकड़ भूमि पर नेताजी के समाधिस्थल पर तैयार किया जाएगा। सैफई में आयोजित कार्यक्रम में देशभर के समाजवादियों ने शिरकत की और नेताजी को श्रद्धासुमन अर्पित किए। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव ने नेताजी के समाधिस्थल पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए नेताजी को याद किया।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में श्री अखिलेश यादव ने कहा कि आज के दिन हम सभी लोग नेताजी को याद कर रहे हैं। कार्यक्रम में शामिल होने के लिए सभी का धन्यवाद और आभार। उन्होंने कहा कि नेताजी न कभी सैफई को भूले और न अपने लोगों को। नेताजी ने जीवन भर धरती पर संघर्ष किया। धरती पर चोट खाकर नेताजी धरती पुत्र बने। नेताजी ने संघर्ष के तमाम साथियों को हमेशा याद रखा और उन्हें ऊंचाइयों तक पहुंचाया।

श्री अखिलेश यादव ने कहा कि तमाम लोगों से विचार विमर्श और दुनिया भर के समाज सुधारकों के स्मारकों के बारे में जानने के बाद तय किया कि अमेरिका के राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन के स्मारक की तर्ज पर सैफई में नेताजी की याद में भव्य स्मारक बनाया जाएगा। नेताजी जिस मिट्टी में पैदा हुए, पले-बढ़े और ऊंचाइयों तक पहुंचे उसी मिट्टी पर नेताजी का ऐतिहासिक स्मारक बन रहा है। उन्होंने कहा कि नेताजी का स्मारक बनने के बाद यह स्थान आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्थान बनेगा। यह प्रकाश स्तम्भ की तरह काम करेगा।

श्री अखिलेश यादव ने कहा कि नेताजी ने अपने जीवन में ऐसे-ऐसे फैसले लिए जिसने देश की राजनीति को मोड़ने का काम किया है। हर समाजवादी के पास नेताजी की कुछ न कुछ यादें हैं, उनका नेताजी का साथ रहा है। उन्होंने आह्वान किया कि नेताजी ने जो राजनीतिक, सामाजिक रास्ता दिखाया है उसी पर चल कर समाजवादी पार्टी को ऊंचाइयों पर पहुंचाएं। यहीं नेताजी को सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

श्री अखिलेश यादव ने कहा कि देश के सामने जब भी संकट आया। नेताजी और समाजवादियों ने आगे बढ़कर देश को बचाने का काम किया है। समाजवादी लोग नेताजी




















श्रद्धेय नेताजी
श्री मुलायम सिंह यादव जी




श्रद्धेय नेताजी
मुलायम सिंह यादव जी


नेताजी
सिंह यादव जी








जयंती


22 नवंबर 2023












# नेताजी का स्मारक हर मायने में भव्य होगा

बुलेटिन ब्यूरो

सैफई में नेताजी मुलायम सिंह यादव की याद में बनने वाले स्मारक की आधारशिला नेताजी की जयंती पर 22 नवंबर को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव ने रखी। यह स्मारक भव्य होगा और इसके 2027 से पहले तक तैयार करने की योजना है।

स्मारक निर्माण की घोषणा समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव ने समाजवादी पार्टी कार्यालय में की। 31 अक्टूबर को समाजवादी पार्टी के राज्य मुख्यालय पर एक प्रेस कांफ्रेंस में समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व सांसद उदय प्रताप सिंह ने स्मारक निर्माण की पूरी रूपरेखा प्रस्तुत की। स्मारक निर्माण को लेकर एक वीडियो प्रेजेंटेशन भी किया गया।

यह स्मारक 8.3 एकड़ जमीन पर बनाया जाएगा। स्मारक में सुगमता के लिए 4.5 एकड़ जमीन पर एक भव्य पार्क और जन सुविधाओं के प्रबंधन की योजना है। स्मारक में लोककला की झलक और गुणवत्ता का ध्यान रखा जाएगा। स्मारक की बनावट में जमीन से जुड़े हुए भारत के गौरव, महान राजनीतिज्ञ नेताजी की सादगी और गुणवत्ता की भी झलक देखने को मिलेगी।

स्मारक के चारों तरफ एक लंबी दीर्घा का प्रबंध किया गया है जिसमें समाधि स्थल तक पहुंचा जा सकता है। एक स्मृति सभागार होगा जिसमें नेताजी की एक कांसे की भव्य प्रतिमा होगी। सभागार तक आवागमन के लिए चारों तरफ घास के मैदान होंगे।

सभागार तक पहुंचाने के लिए उत्तर दिशा में रमणीक दृश्यावलियों से सुसज्जित एक चौक होगा जिससे स्थल पर पहुंचकर एक सुखद शांति की अनुभूति होगी। यह स्थल उत्तर प्रदेश के कला कौशल के नमूने, शिल्पकला के नमूने और विविध प्रकार के वृक्षारोपण से सज्जित होगा। समाधि और स्मृति सभागार के लिए जाने का रास्ता एक समलंबाकार निर्माण से होकर जाएगा। जहां से सुन्दर केंद्रीय चौक दिखाई देगा जिसमें एक तरफ नेताजी के जीवन के संघर्ष की कहानी होगी।

यह समाधि और स्मृति स्थल सैफई के लोगों को वही गौरव की अनुभूति प्रदान करेगा जो अमेरिका के लोगों को अब्राहम लिंकन के और जेफरसन स्मारकों से गौरव प्राप्त होता है।



से प्रेरणा लेकर समाजवादी विचारधारा को आगे बढ़ाने का काम करेंगे।

राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव प्रो रामगोपाल यादव ने नेताजी मुलायम सिंह यादव को याद करते हुए कहा कि आज समाजवादियों के लिए बहुत बड़ा दिन है। यह स्मारक अनन्त काल तक अन्याय के खिलाफ लड़ने वालों और लाखों समाजवादियों को प्रेरणा देने का काम करेेगा। नेताजी जो काम शुरू किया था, उसे आगे बढ़ाना है। किसानों, गरीबों, पिछड़ों, दलितों और महिलाओं को उनको हक और सम्मान दिलाना है।

राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि समाजवादियों ने गरीबों, किसानों नौजवानों और अन्य सभी वर्गों के लिए लड़ाई लड़ी है। नेताजी ने संघर्ष के बल पर राजनीतिक ऊंचाइयों को हासिल किया। श्री अखिलेश यादव नेताजी का सपना पूरा करेंगे।

पूर्व सांसद उदय प्रताप सिंह ने कहा कि नेताजी अपने-पराए सबका दिल जीतना जानते थे। वे सम्मान देना और दिलाना भी जानते थे। वह कहते थे और करके दिखाया भी कि पैसा कभी चुनाव नहीं जिताता है, संगठन के बूते चुनाव लड़ा और जीता जाता है। उनके बताए रास्ते पर चलना बड़ी श्रद्धांजलि होगी। जब नेताजी का स्मारक बनकर तैयार होगा तो बहुत भव्य होगा।

मैनपुरी से सांसद श्रीमती डिंपल यादव ने कहा कि नेता जी के विचार हमेशा हमारे और आने वाली पीढ़ियों के साथ रहेंगे। उन्होंने कहा कि नेताजी के व्यक्तित्व के बारे में जितना बात की जाए कम है।

जयंती के अवसर पर सर्वश्री किरनमय नंदा, रामजी लाल सुमन, नरेश उत्तम पटेल, रामअचल राजभर, माता प्रसाद पाण्डेय, अवधेश प्रसाद, रामगोविन्द चौधरी, ओमप्रकाश सिंह, राजेन्द्र चौधरी, अभयराम, धर्मेन्द्र यादव, तेज प्रताप यादव, अक्षय यादव आदि प्रमुख नेताओं ने पुष्पांजलि अर्पित की और नेताजी को याद किया।

जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव ने नेताजी के पुराने साथियों एवं वरिष्ठ समाजवादी नेताओं को सम्मानित भी किया।

समाजवादी पार्टी के राज्य मुख्यालय लखनऊ सहित पूरे प्रदेश के प्रत्येक जनपद में नेताजी मुलायम सिंह यादव की 85वीं जयंती सादगी से मनाई गई। राज्य मुख्यालय पर प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र चौधरी ने श्रद्धेय नेताजी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया।




# नेताजी को काव्य नमन

बुलेटिन ब्यूरो

समाजवादी पार्टी के संस्थापक नेताजी मुलायम सिंह यादव की जयंती से पूर्व उनकी स्मृति में 16 नवंबर को पार्टी के राज्य मुख्यालय पर आयोजित कवि सम्मेलन व मुशायरे में नेताजी को काव्य नमन करते हुए शब्दांजलि दी गई। कवि-सम्मेलन व मुशायरे की अध्यक्षता सुप्रसिद्ध कवि पूर्व सांसद उदय प्रदेश सिंह ने की। कार्यक्रम के आयोजक दीपक रंजन ने अतिथियों का स्वागत कर नेताजी को नमन किया।

नेताजी मुलायम सिंह यादव की स्मृति में कवि सम्मेलन एवं मुशायरा के मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव ने सर्वप्रथम नेताजी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। श्री









यादव ने सभी कवियों-शायरों को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। कवि सम्मेलन का प्रारम्भ सरिता शर्मा की वाणी वंदना से हुआ।

कवि सम्मेलन व मुशायरा में सर्वश्री सुरेन्द्र शर्मा, राजीव निगम, सर्वेश अस्थाना, बलराम श्रीवास्तव, सरिता शर्मा, फारूख सरल, मुमताज नसीम, चंद्रशेखर वर्मा तथा जमुना प्रसाद सरल, बिलाल सहारनपुरी, आजाद प्रतापगढ़ी ने गीत एवं शेरो-शायरी से माहौल को सरस बना दिया। कवियों व शायरों ने शेर व कविता के जरिये नेताजी को शब्दांजलि पेश की।

कवि सम्मेलन-मुशायरे में सर्वश्री राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव, राष्ट्रीय सचिव राजेन्द्र चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल, अंबिका चौधरी, अताउरर्हमान, रविदास मेहरोत्रा, अरविन्द सिंह गोप, शैलेन्द्र यादव ललई, अरविन्द कुमार सिंह, जासमीर अंसारी, आशु मलिक, राकेश प्रताप सिंह, गजाला लारी, पवन पाण्डेय, अभय सिंह, श्रीमती जूही सिंह, आर.के. चौधरी, रीबू श्रीवास्तव, सर्वेश अम्बेडकर, पायल सिंह, कामरान बेग, राम सागर, चौधरी अदनान आदि मौजूद रहे।

## साइकिल ने पकड़ी रफ्तार

# अबकी बार PDA सरकार

बुलेटिन ब्यूरो

दलित, पिछड़े और अल्पसंख्यक की साझा ताकत यानी PDA ने समाजवादी पार्टी की ताकत बढ़ा दी है। PDA के साथ आने से देश-प्रदेश में लगातार समाजवादी पार्टी की ताकत में इजाफा हो रहा है और राष्ट्रीय राजनीति में भी उसकी धमक बढ़ी है।

घोसी उपचुनाव से शुरू हुई पीडीए की बढ़ती ताकत ने जातीय जनगणना के विरोधियों को भी समर्थन के लिए मजबूर कर दिया है। यह सब एक दिन में नहीं हुआ। इसके पीछे समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव की दूरदर्शिता, मेहनत और लंबे समय से पीडीए को जागरुक करने का परिणाम है। पीडीए की


PDA

जागरुकता से समाजवादी पार्टी की ताकत इतनी बढ़ गई है कि दूसरे राज्यों में भी श्री अखिलेश यादव को अपार जन समर्थन मिल रहा है। संकेत है कि समाजवादी पार्टी के लिए भविष्य नई सियासी इबारत लिख रहा है। तय है कि 2024 में समाजवादी पार्टी सिर्फ यूपी में ही नहीं दूसरे राज्यों में भी भाजपा को शिकस्त देगीऔर अबकी बार पीडीए की ही सरकार बनेगी।



PDA की ताकत का एहसास विरोधी दलों खासकर भाजपा को तभी हो गया था जब घोसी उपचुनाव समाजवादी पार्टी जीती थी। पीडीए की एकजुटता की यह गांठ लगातार मजबूत हो रही है क्योंकि इस वर्ग को यह समझ में आ चुका है कि जब भी उनपर कोई संकट आता है, अत्याचार-अन्याय होता है तो समाजवादी पार्टी ही उनके हक-सम्मान के लिए डटकर खड़ी होती है। यूपी से समाजवादी पार्टी के साथ शुरू हुआ पीडीए का यह गठबंधन अब दूसरे राज्यों यथा मध्य प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा, उत्तराखंड,







केरल, तमिलनाडु और दूसरे राज्यों तक पहुंच चुका है।

स्थापना काल से ही समाजवादी पार्टी ने सामाजिक न्याय की लड़ाई पीडीए के लिए शुरू की। अब सामाजिक न्याय की लड़ाई को धार दे रहे समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव ने पीडीए की मजबूती, एकजुटता के लिए काम शुरू किया। उनके हकूक की वकालत की और जातीय जनगणना की मांग उठाई।

जातीय जनगणना के लिए समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव का विजन सबकी समझ में आया। इधर श्री अखिलेश यादव ने पीडीए में जागरुकता अभियान शुरू किया तो सब समाजवादी पार्टी के साथ आते गए।

यूपी से शुरू हुआ जातीय जनगणना का मुद्दा अब राष्ट्रीय स्तर पर गूंज रहा है। मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के दौरान समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव को जिस तरह का अपार जनसमर्थन मिला, उन्हें सुनने के लिए भीड़ उमड़ी, यह भी संकेत है कि पीडीए की बात अब दूर तलक पहुंच गई है।

पीडीए की ताकत का अहसास तब भी हुआ जब श्री अखिलेश यादव ने 30 अक्टूबर को पूर्वांचल एक्सप्रेस वे से जनेश्वर मिश्र पार्क तक तकरीबन 25 किमी तक पीडीए साइकिल यात्रा की। इस यात्रा के रूट पर उमड़ी भीड़, चारों तरफ से आते फूल, जयकारे गवाही दे रहे थे कि पीडीए एक मंच पर आ चुके हैं और वह मंच है समाजवादी पार्टी। वैसे भी यूपी ही नहीं देश की सियासत में यह आम है कि श्री अखिलेश यादव ने जब भी साइकिल चलाई है, परिवर्तन हुआ है। यह इतिहास भी है और भविष्य के संकेत भी कि जिस तरह साइकिल ने रफ्तार पकड़ी है तो अबकी बार पीडीए सरकार का बनना तय है।



# अखिलेश की साइकिल यात्रा को मिला भारी जनसमर्थन

बुलेटिन ब्यूरो

पूर्वांचल एक्सप्रेस वे से जनेश्वर मिश्र पार्क तक करीब 25 किमी तक PDA साइकिल यात्रा लेकर निकले समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव को मिले अभूतपूर्व समर्थन से समाजवादी पार्टी कार्यकर्ता अभिभूत हो गए। श्री अखिलेश यादव को एक बार फिर साइकिल चलाते हुए देखने के लिए पूरा लखनऊ उमड़ पड़ा था। आलम यह था कि इस साइकिल यात्रा के पीछे नौजवान पैदल भी दौड़ते हुए चल रहे थे।

जिधर से साइकिल यात्रा गुजरी, सड़कों, छतों पर लोग श्री अखिलेश







यादव की झलक पाने को बेताब दिखे। इस साइकिल यात्रा की अहमियत इसलिए भी और बढ़ गई थी कि जिस रूट से श्री अखिलेश यादव साइकिल चलाते हुए गुजरे, उसके ईद-गिर्द बनी तमाम योजनाएं समाजवादी सरकार में ही बनीं थीं।

30 अक्टूबर को श्री अखिलेश यादव ने पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे से PDA




राजनैतिक ताकत के लिए
समाजवादी
PDA यात्रा









साइकिल यात्रा शुरू की। चांद सराय खुर्दही बाजार कबीरपुर होते हुए किसान पथ, कैंसर अस्पताल, अमूल प्लांट, पराग दुग्ध प्लांट, संस्कृति स्कूल, मातृ शिशु कल्याण केन्द्र, एच.सी.एल. मुख्य गेट, प्लासियों मॉल, इकॉना क्रिकेट स्टेडियम होते हुए पुलिस मुख्यालय के सामने से गोमतीनदी बंधा मार्ग, राप्ती अपार्टमेंट, डीपीएस स्कूल, जनेश्वर मिश्र पार्क के गेट नं 7 से होते हुए लक्ष्मी मार्केट की तरफ से यह साइकिल यात्रा जनेश्वर मिश्र पार्क पहुंची। श्री अखिलेश यादव ने लगभग 25 किमी. साइकिल चलाई।

पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे से समाजवादी पीडीए साइकिल यात्रा की शुरुआत का महत्व इसलिए भी है कि इस एक्सप्रेस-वे के निर्माण की बुनियाद समाजवादी सरकार में तत्कालीन मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव ने ही रखी थी। वास्तव में साइकिल यात्रा जहां से चलकर जहां समाप्त हुई, एक भी काम भारतीय जनता पार्टी का नहीं दिखाई देगा। इस यात्रा से यह संदेश भी जनता तक गया है कि जो काम समाजवादी सरकार में हुए है वही जनता के काम आ रहे हैं। पुलिस मुख्यालय हो, इकॉना क्रिकेट स्टेडियम हो, पलासियो मॉल हो, एच.सी.एल हो, अमूल मिल्क प्लांट हो या कैंसर अस्पताल सभी तो समाजवादी सरकार की देन रही है।

समाजवादी लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभिषेक यादव के नेतृत्व में यह PDA साइकिल यात्रा 9 अगस्त को प्रयागराज से शुरू हुई थी। करीब 5 हजार किमी. का सफर पूरा कर 30 अक्टूबर को पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर पहुंची तो वहां से श्री अखिलेश यादव इसमें शामिल हुए और साइकिल यात्रियों का स्वागत करते हुए खुद भी साइकिल चलाते हुए आगे बढ़े। यात्रा में हजारों की संख्या में छात्र, नौजवान, किसान, व्यापारी, समाजवादी पार्टी के समर्थक कार्यकर्ता और नेता शामिल हुए। यात्रा को लेकर हर वर्ग में भारी जोश और उत्साह देखने को मिला।

हर तरफ श्री अखिलेश यादव जिंदाबाद, समाजवादी पार्टी जिंदाबाद के साथ ही हमारा मुख्यमंत्री कैसा हो, अखिलेश भैया जैसा हो की भी गूंज सुनाई पड़ रही थी जोकि समाजवादी सरकार में हुए बेहतरीन काम पर जनता की मुहर भी थी।

# 2024 में साइकिल वालों की जीत होगी

बुलेटिन ब्यूरो



PDA साइकिल यात्रा लेकर जनेश्वर मिश्र पार्क पहुंचे समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव ने वहां मौजूद जनसमूह से मुखातिब होते हुए कहा कि साइकिल यात्रा का उद्देश्य देश को बांटने वाली ताकतों से बचाना है। यह यात्रा भाजपा सरकार के झूठे वादों और नारो की पोल खोल रही है। यह साइकिल यात्रा परिवर्तन के लिए है। भाजपा सरकार के अन्याय, अत्याचार, बढ़ती महंगाई और बढ़ती बेरोजगारी के खिलाफ है। यात्रा सामाजिक न्याय और जातीय जनगणना के लिए है।

उन्होंने कहा कि साइकिल यात्रा सामाजिक आर्थिक विषमता के खिलाफ तो है ही, प्रत्येक स्तर पर अनुपातिक हिस्सेदारी के लिए भी है।



साइकिल यात्रा, वरिष्ठ नेता मोहम्मद आजम खान साहब पर लगे झूठे मुकदमों के विरोध में है। भाजपा सरकार में अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ है।

जनेश्वर मिश्र पार्क में ही मीडिया से मुखातिब होते हुए श्री अखिलेश यादव ने कहा कि देश में महंगाई बेरोजगारी और अन्याय चरम पर है। भाजपा सरकार को हटाने के लिए सभी दल एकजुट हो रहे हैं। बिहार में जातीय जनगणना होने के बाद पूरे देश के पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यकों में जागरुकता आई है और पूरा देश जातीय जनगणना चाहता है। जातीय जनगणना पर सभी लोग एकजुट हैं।

श्री अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी सरकार में जो विकास कार्य हुए हैं आज उनसे लोगों को रोजगार मिल रहा है। आज पूर्वांचल एक्सप्रेस वे से लेकर जनेश्वर मिश्र पार्क तक पीडीए यात्रा में हम लोग शामिल हुए हैं उसके बीच में जितने भी विकास

# साइकिल यात्रा में दिखा युवा जोश




9 अगस्त को क्रांति दिवस पर प्रयागराज से शुरू होकर PDA साइकिल यात्रा ने 22 नवंबर को नेताजी की जयंती पर सैफई तक करीब 8500 किमी तक का सफर पूरा किया। PDA साइकिल यात्रा 208 दिनों में 202 विधानसभा क्षेत्रों तथा 42 लोकसभा क्षेत्रों से होकर सैफई पहुंची। यात्रा के दौरान साइकिल यात्रियों ने समाजवादी पार्टी के कार्यक्रमों तथा समाजवादी सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाया। साइकिल यात्रा में युवा जोश हिलोरें लेती दिखी।

लखनऊ में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव के PDA साइकिल यात्रा की कमान खुद 25 किमी तक संभालने के बाद दूसरे दिन 31 अक्टूबर को फिर इसे आगे सैफई तक के लिए रवाना किया गया। 21 नवंबर को यात्रा का समापन सैफई में हुआ।

साइकिल यात्रा के दौरान ही लखनऊ में



बीमार हो गए पूर्व जिला पंचायत सदस्य श्री रवि भूषण यादव का निधन हो जाने से माहौल गमगीन भी हो गया। उनके निधन पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव ने दुख जताते हुए 31 अक्टूबर को मलिहाबाद के तिलसवां गांव में जाकर श्रद्धांजलि दी और उनके परिवारीजनों को ढांढ़स बंधाया। श्री अखिलेश यादव ने शोक संतप्त परिवारीजनों में स्वर्गीय रवि भूषण की पत्नी श्रीमती अर्चना यादव, पुत्र ध्रुव यादव तथा पुत्री निक्की को सांत्वना दी और उन्हें पार्टी तथा अपनी ओर से हर संभव मदद का भरोसा दिलाया।



कार्य हुए हैं सब समाजवादी सरकार में बना।

21 नवंबर को सैफई में "समाजवादी पीडीए साइकिल यात्रा" का समापन करते हुए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव ने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में साइकिल वालों की जीत होगी। पीडीए ही लोकसभा चुनाव में एनडीए को हराएगा। उन्होंने साइकिल यात्रा करके आए नौजवानों को बधाई देते हुए कहा कि नौजवान आगे के संघर्ष के लिए तैयार रहें। देश की राजनीति जिस दिशा में जा रही है, उसमें आने वाले समय में समाजवादियों की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होगी।

इस अवसर पर राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव, मैनपुरी से लोकसभा सदस्य श्रीमती डिम्पल यादव, पूर्व सांसद श्री धर्मेन्द्र यादव समेत पार्टी के नेता और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और हजारों साइकिल यात्री मौजूद रहे।






# समाजवादी सामाजिक न्याय यात्रा ने बनाया माहौल

बुलेटिन ब्यूरो

दलितों, पिछड़ों व अल्पसंख्यकों को उनका सम्मान व अधिकार दिलाने के लिए जनता को जागरुक करने के उद्देश्य से 16 नवंबर को लखनऊ से समाजवादी सामाजिक न्याय यात्रा शुरू की गई जिसका समापन 25 नवंबर को बिजनौर में हुआ। यात्रा का नेतृत्व नूरपुर (बिजनौर) विधानसभा के विधायक श्री रामअवतार सिंह सैनी ने किया। यह यात्रा सीतापुर, लखीमपुर, पीलीभीत, शाहजहांपुर, बरेली, बदायूं, सम्भल, मुरादाबाद, अमरोहा, हापुड़, गाजियाबाद, मेरठ, शामली, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर से जनसंपर्क करते हुए बिजनौर पहुंची। लखनऊ से यात्रा को रवाना करने के बाद समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव समापन पर बिजनौर में भी मौजूद रहे।

सामाजिक न्याय यात्रा को रवाना करते हुए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश के गरीब, किसान, मजदूर, पिछड़े, दलित, आदिवासी एवं अल्पसंख्यकों को अभी तक हक और सम्मान नहीं मिला है। भाजपा सरकार में महंगाई, भ्रष्टाचार, अन्याय चरम पर है। भाजपा की नीतियां पीडीए विरोधी हैं। इन्हीं सवालों को लेकर पीडीए समाजवादी सामाजिक न्याय यात्रा जनता को जागरुक करने का काम



करेगी।

श्री अखिलेश यादव ने कहा कि बेरोजगार, नौजवानों को नौकरी नहीं, मिल रही। पुरानी पेंशन बहाल हो और शिक्षा को जिस तरह से प्राइवेट हाथों में दिया जा रहा है, ऐसे में यह संभव ही नहीं कि गरीब पढ़ पाएं। श्री अखिलेश यादव ने कहा कि आज लोकतंत्र विरोधी ताकतें सक्रिय हैं। बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर के समतामूलक सिद्धांत और समाजवादी डॉ राममनोहर लोहिया के सिद्धांतों और विचारधारा के साथ नेताजी श्री मुलायम सिंह यादव के संघर्ष और समाजवादी उपलब्धियों को लेकर सामाजिक न्याय की लड़ाई लड़कर उनका हक और सम्मान दिलाना है।

श्री यादव ने कहा कि कुछ पूंजीपतियों ने देश की संपत्ति पर कब्जा कर रखा है। आर्थिक और सामाजिक विषमता की सच्चाई से सभी को अवगत कराना है ताकि सामाजिक और आर्थिक असमानता को कम किया जा सके।

बिजनौर के नूरपुर स्थित खालसा इंटर कॉलेज में सामाजिक न्याय यात्रा के समापन कार्यक्रम में श्री अखिलेश यादव ने प्रदेश की जनता को भाजपा से सावधान रहने की अपील करते हुए कहा कि भाजपा के नेताओं को जब झूठ बोलना होता है तो वे अंग्रेजी में बात करते हैं। सरकार किसानों के गन्ने की कीमत क्यों नहीं बढ़ा रही है। नौजवान खाली हाथ क्यों बैठे हैं उनके पास नौकरी और रोजगार क्यों नहीं है? भाजपा सामाजिक न्याय की विरोधी है। भाजपा जातीय जनगणना का विरोध कर रही है। जातीय जनगणना के बगैर सामाजिक न्याय नहीं हो सकता है। जातीय जनगणना से सभी जातियों के बारे में जानकारी मिलेगी और उन्हें आबादी के अनुपात में हक और सम्मान दिलाया जाएगा।

समापन कार्यक्रम को विधायक राम अवतार सैनी, पूर्व मंत्री एवं विधायक श्री स्वामी ओमवेश, विधायक मनोज पारस, विधायक तसलीम अहमद, पूर्व विधायक श्रीमती रूचि वीरा, पूर्व विधायक नईमुल हसन आदि ने भी संबोधित किया।



## राज्य कार्यकारिणी की बैठक

# भाजपा को सत्ता से हटाने का संकल्प

बुलेटिन ब्यूरो

उत्तर प्रदेश समाजवादी पार्टी की राज्य कार्यकारिणी की 1 नवंबर को हुई बैठक में 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को सत्ता से बेदखल करने का संकल्प लिया गया। चुनाव जीतने के लिए कार्यकर्ताओं ने संगठन की मजबूती के साथ बूथ स्तर पर निगरानी रखने का भी संकल्प लिया। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव ने पार्टी कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वे 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा



को सत्ता से हटाने के लिए पूरी तैयारी के साथ अभी से जुट जाएं क्योंकि यह चुनाव आगे आने वाली पीढ़ी के भविष्य को भी तय करेगा।

उन्होंने कहा कि देश में लोकतंत्र और संविधान बचाने का यह अंतिम चुनाव होगा। समाजवादी पीडीए ही भाजपा के एनडीए को सत्ता से हटाएगा। भाजपा इस चुनाव में समाजवादी पीडीए के सामने कहीं टिक नहीं सकेगी।

राज्य कार्यकारिणी की बैठक को संबोधित करते हुए श्री अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा समाजवादी पार्टी के विकास कार्यों और पार्टी के बहादुर और कर्मठ कार्यकर्ताओं के मुकाबले कहीं नहीं टिक पाएगी। भाजपा सरकार शासन प्रशासन का दुरुपयोग कर चुनाव प्रभावित करने की कोशिश करेगी। समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता इसकी निगरानी में लग जाएं। 2024 के चुनाव में भाजपा का सत्ता से जाना तय है।

श्री अखिलेश यादव ने कहा कि 2022 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने सत्ता का दुरुपयोग कर समाजवादी पार्टी को हराने का काम किया था। 3 लाख 50 हजार मतों के अंतर से भाजपा ने समाजवादी पार्टी को सत्ता में नहीं आने दिया। भाजपा अभी भी समाजवादी पार्टी के मतदाताओं के वोट काटने की साजिश में लगी है। समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर तक निगरानी रखनी है और पार्टी संगठन को मजबूत बनाना है।

श्री यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी डॉ राममनोहर लोहिया और बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर की विचारधारा और नेताजी श्री मुलायम सिंह यादव के संघर्ष से प्रेरणा लेकर भाजपा की जनविरोधी नीतियों को बेनकाब करेगी। भाजपा के षड्यंत्र और विद्वेषपूर्ण कार्रवाइयों से समाजवादी पार्टी डरने वाली नहीं है। जनता समाजवादी पार्टी को विकल्प के रूप में देख रही है। भाजपा समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं को झूठे मुकदमों में फंसा रही है। जनता सब देख रही है, वह 2024 के लोकसभा चुनाव में वोट से भाजपा को सत्ता से हटाएगी।

श्री अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी सामाजिक न्याय के लिए लंबे समय से संघर्षशील रही है। इस लड़ाई को आगे बढ़ाने के लिए जातीय जनगणना बहुत जरूरी है। इस जनगणना से ही सबको हक और सम्मान मिलेगा।

राज्य कार्यकारिणी की बैठक में प्रदेश की राजनीतिक स्थिति, पार्टी संगठन तथा चुनावी रणनीति पर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने की। बैठक को राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव प्रो रामगोपाल यादव एवं महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने भी संबोधित किया।



# सामाजिक न्याय महारैली में सम्मान और हक दिलाने की गूंज

बुलेटिन ब्यूरो

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव ने गोरखपुर के सहजनवा में 4 नवंबर को जननायक कर्पूरी ठाकुर सामाजिक न्याय महारैली में शिरकत करते हुए एक बार फिर दोहराया कि समाजवादी पार्टी बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर के विचारों और डॉ राममनोहर लोहिया के रास्ते पर चलते हुए सभी जाति-धर्म को साथ लेकर चल रही है।

श्री अखिलेश यादव ने कहा कि नाई समाज के लोग हमारे भाई हैं। हम इस समाज के लोगों का सम्मान बढ़ाने का काम करेंगे और पार्टी हर कदम पर उनकी मदद के लिए तैयार रहेगी। इस समाज को उसका हक दिलाने के लिए भी समाजवादी पार्टी संघर्ष कर रही है। जातीय जनगणना होने पर समाज के सभी वर्गों को उसका हक मिलेगा।

महारैली में उत्तर प्रदेश के दूरदराज के इलाकों से नाई समाज के हजारों लोग



शामिल हुए। इस महारैली के मुख्य अतिथि रहे श्री अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा ने पिछड़ों, दलितों को धोखा दिया है। भाजपा सरकार भेदभाव कर रही है। समाज में नफरत फैलाती है। आपस में लड़ाती है। भाजपा ने समाज में खाई पैदा की है। भाजपा सामाजिक न्याय की विरोधी है। वह लगातार जातीय जनगणना का विरोध कर रही है। भाजपा सरकार में जिस तरह का भेदभाव हो रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि इस तरह के सम्मेलन से बहुजन समाज जागरुक होगा। सभी लोग एक साथ आएंगे और भाजपा की गलत नीतियों के खिलाफ 2024 के लोकसभा चुनाव में उसे हराने का काम करेंगे।

श्री अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी सबको साथ लेकर चलती है। सबका सम्मान करती है। समाजवादी पार्टी हर वर्ग के लिए काम करती रही है। समाजवादी पार्टी जातीय जनगणना कराकर सभी जातियों को हक और सम्मान देना चाहती है। भाजपा सरकार ने प्रदेश का विकास ठप कर दिया। बिजली व्यवस्था को बर्बाद कर दिया है।

श्री यादव ने कहा कि लोकसभा चुनाव के लिए समाजवादी पार्टी की सभी 80 सीटों पर तैयारी है। हम गठबंधन के सभी साथियों को साथ लेकर चलेंगे। समाजवादी पार्टी सभी सीटों पर तैयारी इसलिए भी कर रही है क्योंकि सीटें गठबंधन दल के पास जाएंगी तो हम तभी मदद कर पाएंगे जब संगठन मजबूत रहेगा और बूथ स्तर पर तैयारी रहेगी।

श्री अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा ने जनता को निराश किया है। किसानों, नौजवानों और समाज के सभी वर्गों को धोखा दिया है। किसानों की आय दोगुनी नहीं की। नौजवानों को नौकरी और रोजगार नहीं दिया। भाजपा सरकार में महंगाई, बेरोजगारी, अन्याय चरम पर है। जनता भाजपा से नाराज है। घोसी विधानसभा उपचुनाव में जनता ने भाजपा को भारी मतों से हराया है। लोकसभा चुनाव में भी भाजपा को बड़ी हार मिलेगी।





# सहयोगियों संग सपा की साझा मुहिम

बुलेटिन ब्यूरो

समाजवादी पार्टी ने पिछड़ों, दलितों, अल्पसंख्यकों यानि पीडीए को मजबूत करने और उनका वास्तविक हक उन्हें दिलाने के लिए सहयोगी दलों को साथ लेकर साझा मुहिम शुरू की है।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव ने सहयोगी दलों के कार्यक्रमों में शिरकत कर सर्व समाज की तरक्की, भलाई के लिए एकजुटता दिखाई और कहा कि सहयोगी दलों के साथ उनका गठबंधन लंबे समय तक चलेगा क्योंकि समाजवादी पार्टी गठबंधन धर्म निभाना जानती है। श्री यादव ने सहयोगी दलों को साथ लेकर संघर्ष करने का संकल्प दोहराया है।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने अपना दल (कमेरावादी) के स्थापना दिवस समारोह में शिरकत करते हुए नेताजी व डा सोनेलाल पटेल के संघर्षों को रेखांकित करते हुए कहा कि इसी रास्ते पर चलते हुए समाज का भला करना होगा। उन्होंने कहा कि इन नेताओं के संघर्षों का ही नतीजा है कि पिछड़ों, दलितों, अल्पसंख्यकों में जागरुकता आई और उनकी बढ़ती ताकत के सामने सामाजिक न्याय विरोधी ताकतें भी अब झुकने को मजबूर हैं। सामाजिक न्याय विरोधी ताकतें जातीय जनगणना का विरोध कर रही थी, लेकिन अब वह भी अपनी नीति बदलने पर मजबूर हैं।

4 नवंबर को लखनऊ में अपना दल (कमेरावादी) के स्थापना दिवस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि श्री अखिलेश यादव ने कहा कि बिना जातीय जनगणना के सामाजिक न्याय अधूरा है। जातीय जनगणना होने से जातियों की संख्या का पता चलेगा जिससे उन्हें उसी अनुपात में हक-सम्मान मिल सकेगा। श्री यादव ने कहा कि नेताजी मुलायम सिंह यादव और अपना दल के संस्थापक डॉक्टर सोनेलाल पटेल ने समाज के गरीब,



दलित, पिछड़ों, अल्पसंख्यकों को जगाने का काम किया। उनके लिए संघर्ष किया। दोनों नेताओं ने संघर्ष का जो रास्ता दिखाया है उसपर आगे चलना है। श्री अखिलेश यादव ने कहा कि हम लोग साथ आए हैं अगर इसी तरह से गठबंधन बना रहेगा तो आने वाले समय में परिवर्तन होना तय है।

श्री अखिलेश यादव ने कहा कि हम लोग 2024 का लोकसभा चुनाव साथ मिलकर लड़ेंगे और पूरा सम्मान देंगे। श्री यादव ने कहा कि यहां से संकल्प लेकर जाएं कि सामाजिक न्याय की जो लड़ाई डॉक्टर सोनेलाल पटेल ने शुरू की थी उसे और आगे बढ़ाना है। डॉ पल्लवी पटेल ने स्वागत भाषण में कहा कि अपना दल, समाजवादी पार्टी के साथ है। राजमाता श्रीमती कृष्णा पटेल ने भी समारोह को संबोधित किया।

सुहेलदेव स्वाभिमान पार्टी के 16 नवंबर को लखनऊ में हुए सम्मेलन में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव ने ऐलान किया कि समाजवादी पार्टी गोमती तट पर महाराजा सुहेल देव का स्मारक बनाएगी। राजभर समाज को संबोधित करते हुए सम्मेलन के मुख्य अतिथि श्री अखिलेश यादव ने कहा कि सुहेल देव स्वाभिमान पार्टी संघर्ष की कोख से निकली है। श्री महेन्द्र राजभर संघर्ष के दिनों के साथी हैं और घोसी उपचुनाव में उन्होंने ईमानदारी से साथ दिया। यह साथ लंबा चलेगा।

सुहेल देव स्वाभिमान पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेन्द्र राजभर ने श्री अखिलेश यादव पर भरोसा जताते हुए सामाजिक न्याय की लड़ाई में समाजवादी पार्टी और श्री अखिलेश यादव के नेतृत्व में राजभर समाज के भी शामिल रहने का संकल्प जताया।

श्री अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और अन्याय चरम पर है। शिक्षा-स्वास्थ्य में व्याप्त भ्रष्टाचार पर भाजपा बात क्यों नहीं करती है? समाधान तो दूर की बात है। यह धोखा देने वाली पार्टी है। समाजवादी विकास करते हैं। श्री अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार बाबा साहब के संविधान में दी गई आरक्षण की व्यवस्था को समाप्त करने की साजिश कर रही है।




# प्रशिक्षण शिविरों में चुनावी रणनीति पर मंत्रणा

बुलेटिन ब्यूरो

लोक जागरण अभियान के तहत शाहजहांपुर व हरदोई में समाजवादी पार्टी कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारियों पर चर्चा हुई। शिविर में कार्यकर्ताओं को बताया गया कि उन्हें किस तरह बूथ प्रबंधन में डटना है। शिविर में चुनाव लड़ने के तौर-तरीके बताए गए। इन शिविरों को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव ने कार्यकर्ताओं को आगाह किया कि उन्हें भाजपा के षड़यंत्रों से सावधान रहना होगा।

20 अक्टूबर को शाहजहांपुर में लोक जागरण अभियान के तहत समाजवादी पार्टी कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव ने कहा कि लड़ाई बहुत बड़ी है। समाजवादियों को हर तरह की चुनौती और परिस्थितियों का सामना करना है। उसके लिए तैयार रहना है। विधानसभा चुनाव में भाजपा ने बेईमानी की। समाजवादी पार्टी प्रत्याशी हरा दिए गए। श्री यादव ने कहा कि समाजवादियों को तमाम साजिश और षडयंत्रों से सावधान रहना है।

श्री यादव ने कहा कि 2024 का लोकसभा चुनाव संविधान और

लोकतंत्र बचाने का है। संविधान और लोकतंत्र बचाने की जिम्मेदारी हम सबकी है। संविधान बचेगा तभी भविष्य बचेगा। सभी को समझना होगा कि लोकसभा चुनाव आने वाली पीढ़ी का भविष्य भी तय करेगा। समाजवादी पार्टी ही भाजपा का विकल्प है। अब समाजवादियों की जिम्मेदारी है कि जनता की उम्मीदों पर खरा उतरना होगा।

21 अक्टूबर को हरदोई में प्रशिक्षण शिविर में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव ने कहा है कि प्रशिक्षण शिविरों में समाजवादी पार्टी के नेता और कार्यकर्ता काफी बातें सीख रहे हैं। भरोसा है कि पार्टी नेता, कार्यकर्ता और बूथ स्तर के साथी पार्टी को मजबूत बनाने का काम करेंगे। आने वाले समय में समाजवादी पार्टी लोकसभा चुनाव जीतने जा रही है। उन्होंने कहा कि चुनाव में अब समय नहीं बचा है। चार पांच महीने में पूरा माहौल चुनावी होगा। इस चुनाव में भाजपा को हटाने की सबसे बड़ी जिम्मेदारी समाजवादियों की है। समाजवादी एकजुट होकर पूरी ताकत के साथ भाजपा का मुकाबला करेंगे और उसे हराएंगे।

श्री अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा के पास बढ़ती महंगाई का कोई जवाब नहीं है। महंगाई इसलिए बढ़ाई जिससे उसके मित्र उद्योगपतियों को मुनाफा




हो। भाजपा की सरकार आम जनता को स्वास्थ्य, शिक्षा की सुविधा उपलब्ध कराने और महंगाई, बेरोजगारी को कम करने की दिशा में काम करने के बजाय समाजवादी पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं पर अन्याय और अत्याचार कर रही है। इस सरकार में सबसे ज्यादा अन्याय का सामना समाजवादी पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं को करना पड़ रहा है। देश के इतिहास में और किसी भी प्रदेश में अभी तक जितना अन्याय भाजपा सरकार ने मोहम्मद आजम खां साहब और उनके परिवार के साथ किया है उतना किसी के साथ नहीं हुआ होगा। आजम साहब और उनके परिवार के लोगों को जेल भेजना भाजपा की सोची समझी साजिश और षड़यंत्र के तहत हुआ है। उन्होंने कहा कि हमें उम्मीद है कि हम लोग जैसे ही दूसरे न्यायालय में जाएंगे उन्हें न्याय मिलेगा और वे हम लोगों के साथ कार्यक्रमों में शामिल होंगे।

प्रशिक्षण शिविर में राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि भाजपा की सरकार अब तक की सबसे भ्रष्ट और बेईमान सरकार है। समाजवादियों ने कई भ्रष्ट और बेईमान सरकारों को बदला है। अब समाजवादियों को बैठना नहीं है। भाजपा सरकार को बदलना है। अन्याय और अत्याचार के खिलाफ समाजवादियों को लड़ना होगा।

उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में जब-जब समाजवादी पार्टी की सरकार रही है पूरे प्रदेश में विकास हुआ। श्री अखिलेश यादव की सरकार में सभी 75 जिलों में काम हुआ। सड़कें बनी। पुल बने और अन्य विकास कार्य हुए लेकिन पिछले सात साल में विकास का कोई कार्य नहीं हुआ।

प्रशिक्षण शिविर में प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल, लालजी वर्मा पूर्व मंत्री, रामअचल राजभर आदि वरिष्ठ नेताओं ने अपने विचार रखे।

## मध्य प्रदेश चुनाव

# अखिलेश को सुनने उमड़ी भीड़



बुलेटिन ब्यूरो

मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव की लोकप्रियता चरम पर दिखी। उनकी जनसभाओं में उमड़ी भीड़ ने जिस तरह अपार समर्थन दिया और उनके जयकारे लगाए, उससे पता चलता है कि उत्तर प्रदेश में श्री अखिलेश यादव की समाजवादी सरकार के कामकाज से दूसरे राज्यों के लोग कितने प्रभावित हैं। श्री अखिलेश यादव की मध्य प्रदेश राज्य पैठ गहरी हुई है।

चुनाव की तारीख घोषित होते ही समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव मध्य प्रदेश में चुनाव प्रचार में जुट गए। वहां उन्होंने धुआंधार जनसभाएं कीं। 5 नवंबर को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव ने मध्य प्रदेश के टीकमगढ़ जिले के जतारा विधानसभा क्षेत्र में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी आर.आर. बंसल (बरार) और पन्ना जिले के गुन्नौर विधानसभा क्षेत्र की पार्टी प्रत्याशी श्रीमती अमिता बागरी के समर्थन में चुनावी जनसभाओं को संबोधित किया।

श्री अखिलेश यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश हो या मध्य प्रदेश भाजपा संविधान और लोकतंत्र को खत्म कर रही है। मध्य प्रदेश में गरीबी, बेरोजगारी के लिए भाजपा जिम्मेदार है। प्रधानमंत्री जी एक कार्यक्रम में कह रहे थे कि 13 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला। अगर इतने लोग गरीब रेखा से बाहर हो गए हैं तो यह राशन किसको दे रहे हैं?

श्री अखिलेश यादव ने मध्य प्रदेश के चुनावी अभियान में कांग्रेस को भी जमकर निशाने पर लिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस बहुत चालू पार्टी है। कांग्रेस ने समाजवादी पार्टी को धोखा दिया। मध्य प्रदेश की बदहाली के लिए भाजपा कांग्रेस दोनों जिम्मेदार है।

जिस रास्ते पर कांग्रेस चल रही थी। अब उसी रास्ते पर भाजपा चल रही है। कांग्रेस ने देश में जातीय जनगणना नहीं होने दी थी। कांग्रेस ने पिछड़ों के आरक्षण के लिए मंडल कमीशन की रिपोर्ट को लागू नहीं होने दिया था। अब वही भाजपा कर रही है।

6 नवंबर को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव ने मध्य प्रदेश के दमोह जिला के दमोह विधानसभा क्षेत्र में समाजवादी पार्टी प्रत्याशी दृगपाल सिंह लोधी और कटनी जिला में बहोरीबंद विधानसभा क्षेत्र में शंकर लाल महतो तथा महाराजपुर विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी अजय तिवारी के समर्थन में चुनावी जनसभाएं की।

श्री अखिलेश यादव ने कहा कि मध्य प्रदेश में भाजपा और कांग्रेस बारी-बारी से बजट की लूट कर रही है। जिन प्रदेशों में गरीबों, किसानों, पिछड़ों, दलितों, अल्पसंख्यकों और आदिवासियों की ताकत एक हो गई हो वहां भाजपा और कांग्रेस का सफाया हो गया। जब से पिछड़े, दलित, आदिवासी जागरुक हो गए हैं, बड़े-बड़े राष्ट्रीय दल अपनी नीतियां बदलने पर मजबूर हैं। कांग्रेस ने आजादी के बाद जातीय जनगणना रोक दी थी, अब चुनाव देखकर जातीय जनगणना के पक्ष में बोल रहे हैं। भाजपा जातीय जनगणना का विरोध कर रही है। लेकिन अब पीडीए की ताकत से भाजपा घबराई हुई है।

7 नवंबर को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव ने मध्य प्रदेश की निवाड़ी विधानसभा में समाजवादी पार्टी की प्रत्याशी श्रीमती मीरा दीपक यादव के समर्थन में जनता से वोट की अपील की। निवाड़ी में चुनाव प्रचार शुरू करने से पहले श्री अखिलेश यादव ने ओरछा के श्रीरामराजा मंदिर में दर्शन कर आशीर्वाद लिया।

8 नवंबर को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव ने मध्य प्रदेश के दोहर में चंदला विधानसभा क्षेत्र में लोगों से











लोक जागरण यात्रा













# डिंपल यादव ने जमकर किया प्रचार



मैनपुरी लोकसभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी की सांसद श्रीमती डिंपल यादव ने 10 नवंबर को मध्य प्रदेश के पृथ्वीपुर विधानसभा क्षेत्र में रोड-शो कर पार्टी प्रत्याशी श्रीमती मिनी यादव और निवाड़ी विधानसभा क्षेत्र में प्रत्याशी श्रीमती मीरा दीपक यादव के पक्ष में रोड-शो किया। रोड-शो में श्रीमती डिंपल यादव को सुनने के लिए बड़ी संख्या में लोग आए।

यहां श्रीमती डिंपल यादव ने कहा कि यह सरकार महिलाओं के अधिकारों को छीन रही है। भाजपा महिलाओं को धोखा दे रही है। भाजपा सरकार में महिला अपराध चरम पर है। श्रीमती डिंपल यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी की ताकत बढ़ेगी तो गरीबों, किसानों, नौजवानों, महिलाओं, आदिवासियों के हित में काम होगा। मध्य प्रदेश का विकास होगा।

इससे पहले 9 नवंबर को भी श्रीमती श्रीमती डिंपल यादव ने राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव के साथ कई सभाएं की। सांसद श्रीमती डिंपल यादव ने पिछोर विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी श्री राजीव यादव के समर्थन में जनसभा को सम्बोधित किया।





जनसम्पर्क कर समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी को जिताने की अपील की। श्री अखिलेश यादव ने चंदला विधानसभा क्षेत्र के सूरजपुर गांव में पिछड़े, दलित, आदिवासी भाई बहनों से मिलकर उनका हाल चाल जाना।

10 नवंबर को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव ने मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी प्रत्याशी श्री विश्वनाथ मरकाम, राजन पटेल एवं श्रीमती सीमा सिंह के लिए वोट देने की अपील करते हुए कहा है कि भाजपा सरकार ने मध्य प्रदेश को बर्बाद कर दिया है। पहले कांग्रेस ने मध्य प्रदेश को गरीब बनाए रखा अब भाजपा भी वही काम कर रही है।

श्री यादव ने कहा कि मध्य प्रदेश की जनता बदलाव चाहती है। समाजवादी पार्टी को मध्य प्रदेश में जनता का अच्छा समर्थन मिल रहा है।

15 नवंबर को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव ने मध्य प्रदेश के निवाड़ी जनपद में विधानसभा क्षेत्र जतारा जनपद टीकमगढ़ में श्री रतीराम बंसल (बरार) विधानसभा पृथ्वीपुर जनपद निवाडी में श्रीमती मीना यादव विधानसभा क्षेत्र निवाड़ी, श्रीमती मीरा दीपक यादव जनपद भिण्ड में अटेर विधानसभा क्षेत्र में श्री मुन्ना सिंह भदौरिया तथा विधानसभा जौरा जनपद मुरैना में श्री मनीराम धाकड़ के पक्ष में अपील करते हुए कहा कि मध्य प्रदेश में हवा बदलाव, परिवर्तन की है।

14 नवंबर को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव ने मध्य प्रदेश में सीहोर जिले की बुधनी विधानसभा क्षेत्र में मां नर्मदा जी के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। उन्होंने कहा जिन नदियों की उपयोगिता है उनमें नर्मदा मुख्य है। वह जीवनदायिनी नदी है।

श्री अखिलेश यादव ने विधान सभा चंदला जिला छतरपुर में रोड शो किया। उनका वारीगढ़, गौरिहार, खड्डी, सरवई में जनता ने भव्य स्वागत किया। बड़ी संख्या में सड़क के दोनों ओर, मकान के छज्जों पर महिलाएं, बच्चे, पुरुष खड़े होकर उनका अभिवादन कर रहे थे।



हरियाणा जनसेवक पार्टी की रैली

# समाजवादियों ने जातीय जनगणना को बनाया राष्ट्रीय मुद्दा

बुलेटिन ब्यूरो

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव ने 19 नवंबर को हरियाणा के जींद में हरियाणा जनसेवक पार्टी द्वारा आयोजित जनसेवा संकल्प रैली में विश्वास जताया कि आने वाले दिनों में जनसेवक पार्टी हरियाणा में विकल्प के रूप में खड़ी होगी। उन्होंने जनसेवक पार्टी से अपेक्षा की कि वह पढ़ाई-लिखाई सड़क और सुविधाओं की बात करेगी और नई सोच के साथ आगे बढ़ेगी।

हरियाणा जनसेवक पार्टी के सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि श्री अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादियों ने जो काम किए हैं वह इतिहास बन गया। कोई भी सत्ता में आ जाए उसे बदल नहीं सकता है।

नेताजी मुलायम सिंह यादव ने रक्षामंत्री रहते हुए फैसला लिया था कि देश में जवान सीमा पर कहीं भी शहीद होगा तो उसका पार्थिव शरीर घर तक पहुंचाया जाएगा और पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया जाएगा। पहले जवानों के शहीद होने पर घर तक केवल उनकी टोपी और वर्दी आती थी।

श्री यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने जो अग्निवीर योजना शुरू की है वह नौजवानों के लिए सेना की अधूरी नौकरी है। इसमें जवानों का सम्मान नहीं हो रहा है। समाजवादी पार्टी अपने घोषणा पत्र में इसे शामिल करेगी और हमारा वायदा है कि 2024 में केन्द्र में सरकार बदलने पर समाजवादी पार्टी अग्निवीर योजना समाप्त कर पहले की तरह नौजवानों को सेना की पक्की नौकरी दिलाएगी।

श्री अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादियों ने देश में सबसे पहले जातीय








जनगणना की मांग शुरू की। आज यह पूरे देश का मुद्दा बन गया है। देश में तमाम जातियां है जिनकी कोई पहचान नहीं है। समाजवादी पार्टी चाहती है कि देश में जातीय जनगणना हो। सभी जातियों को उनकी आबादी के हिसाब से हक और सम्मान मिले। बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर ने पिछड़ों के लिए संविधान में जिस हक और सम्मान की बात की है, वह आरक्षण नहीं मिल पाया। जातीय जनगणना होने पर देश में सभी जातियों की संख्या का पता चलेगा और उनको अधिकार और सम्मान दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि समाजवादी सरकार ने उप्र में महिलाओं को पेंशन देकर उनका मान सम्मान बढ़ाया था।

श्री अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार द्वारा लाए गए तीन काले कृषि कानूनों के खिलाफ आंदोलन के लिए हरियाणा के किसानों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि किसान केंद्र सरकार के सामने नहीं झुके। उन्होंने आंदोलन चलाया। आंदोलन सफल रहा। भाजपा सरकार को किसानों के सामने झुकना पड़ा। भाजपा सरकार ने किसानों पर तमाम अन्याय, अत्याचार किए। किसानों का शोषण किया। बड़ी संख्या में किसान शहीद हुए लेकिन वे पीछे नहीं हटे और उनकी जीत हुई।

श्री यादव ने श्री बलराज कुंदू को हरियाणा जनसेवक पार्टी बनाने के लिए बधाई और शुभकामनाएं दीं। जनसेवा संकल्प रैली का आयोजन श्री संजय कुमार ने किया था। रैली में संजय लाठर एवं श्री अतुल प्रधान विधायक उत्तर प्रदेश भी मौजूद रहे।

# आजम साहब के साथ मजबूती से डटी सपा

बुलेटिन ब्यूरो

समाजवादी पार्टी के महासचिव मोहम्मद आजम खान व उनके परिवार के साथ समाजवादी पार्टी के साथ मजबूती से डटी हुई है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार विपक्ष और समाजवादी पार्टी के नेताओं को बेवजह परेशान कर रही है। जनता सब देख रही है कि किस तरह जुल्म-ज्यादती हो रही है इसलिए वह भाजपा को सबक जरूर सिखाएगी।

2 नवंबर को सहारनपुर के देवबंद में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि भाजपा के एनडीए गठबंधन की सरकार ने पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) लोगों को धोखा दिया। आज भाजपा की सरकार में पीडीए लोगों के साथ अन्याय हो रहा है। उन्हें परेशान किया जा रहा है। श्री यादव ने कहा कि भाजपा सरकार विपक्ष और समाजवादी पार्टी के नेताओं को परेशान कर रही है क्योंकि भाजपा जानती है कि समाजवादी पार्टी उत्तर प्रदेश में बड़ी ताकत है।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार वरिष्ठ नेता मोहम्मद आजम खान और उनके परिवार तथा समाजवादी पार्टी के अन्य विधायकों को झूठे मुकदमों में फंसाकर उनकी आवाज को दबाना चाहती है। हमें जनता और न्यायालय पर भरोसा है। एक दिन न्याय जरूर मिलेगा। समाजवादी पार्टी श्री मोहम्मद आजम खान और उनके परिवार के साथ मजबूती से खड़ी है और पूरी मदद कर रही है। श्री अखिलेश यादव ने कहा कि देवबंद की जनता ने समाजवादियों की हमेशा मदद की। पिछले लोकसभा चुनाव में भी समाजवादी पार्टी गठबंधन की जीत हुई थी।





# महाराष्ट्र में सपा और मजबूत हुई

बुलेटिन ब्यूरो

समाजवादी पार्टी का कुनबा लगातार बढ़ रहा है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव की बढ़ती लोकप्रियता, पार्टी की विचारधारा से प्रभावित होकर दूसरे दलों से लगातार लोग समाजवादी पार्टी में शामिल हो रहे हैं। 30 अक्टूबर को महाराष्ट्र जनता दल (एस) के सैकड़ों नेताओं ने भी समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर समाजवादी पार्टी को और मजबूत करने का संकल्प लिया।

बड़ी संख्या में समाजवादी पार्टी में शामिल होने वालों को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव ने सदस्यता दिलाते हुए पार्टी में उनका स्वागत करते हुए भरोसा दिलाया कि जिन सिद्धांतों और मूल्यों को लेकर आप सभी चले हैं समाजवादी पार्टी में उसे और मजबूती मिलेगी। सभी को काम करने का मौका मिलेगा। समाजवादी पार्टी की ताकत बढ़ेगी।

समाजवादी पार्टी में शामिल होने वालों में जनता दल (एस) के वरिष्ठ नेता सर्वश्री प्रताप हागेंडी, रेवन भोंसले, जितेन्द्र सतपालकर, डॉ विलास सुरकर, अल्ताफ हुसैन, मुस्तकीम डिग्रिटी, शाने हिन्द, डॉ पीडी जोशी पारोदकर तथा मोइन अख्तर के नाम उल्लेखनीय हैं।

समाजवादी पार्टी की सदस्यता लेने के बाद इन नेताओं ने कहा कि हम सब लोग जनता दल सेकुलर में थे लेकिन पार्टी ने भाजपा के साथ जाने का फैसला लिया है जो महाराष्ट्र इकाई के 80 फीसदी नेताओं और कार्यकर्ताओं को मंजूर नहीं है। महाराष्ट्र में समाजवादी पार्टी मजबूत है।

इस अवसर पर समाजवादी पार्टी महाराष्ट्र के प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक अबू आसिम आजमी ने शामिल होने वाले सभी नेताओं का स्वागत करते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी में नेताओं को खुलकर काम करने का मौका मिलेगा।

# बहन-बेटियों को मिला सपा का साथ

## डॉयल 112 की महिला कर्मचारियों के साथ अखिलेश ने मनाई दीपावली



बुलेटिन ब्यूरो

यूपी में आधी आबादी के साथ सरकारी जुल्म की हदें पार हो गई हैं। डॉयल 112 की महिला कर्मचारियों के बाद यूपी की भाजपा सरकार की पुलिस ने सहायक शिक्षक भर्ती में अनियमितताओं के खिलाफ धरनारत महिलाओं व अभ्यर्थियों को पीटा जिसने भाजपा के नारी वंदन की कलई खोल दी। नारी पर बढ़े सरकारी जुल्म के खिलाफ समाजवादी पार्टी मजबूती से उनके साथ डटकर खड़ी हो गई।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव ने सरकार के इशारे पर हुए पुलिसिया जुल्म में बहन-बेटियों की हिफाजत का बीड़ा उठाया और उनकी मदद में समाजवादी पार्टी आगे आई। डॉयल 112 की बहन-बेटियों की दीपावली का पर्व फीका न हो इसलिए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव आगे आए और उन्हें अपने आवास पर आमंत्रित कर उनके साथ दीपावली पर्व मनाया।

समाजवादी सरकार में शुरू हुई डॉयल 100 को बर्बाद करने में भाजपा सरकार पहले दिन से ही जुटी हुई है।

इस सेवा ने यूपी में कमाल कर दिया था और एक फोन पर गांव-गिराव तक पुलिस की मदद फौरन पहुंच रही थी। अपराध को रोकने और लोगों को न्याय दिलाने में जुटी इस सेवा से अंतिम व्यक्ति तक मदद पहुंच रही थी। समाजवादी सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना की पूरे देश में तारीफ हुई थी।

भाजपा सरकार को यह रास नहीं आ रहा था कि समाजवादी सरकार की इस योजना को लोग याद रखें तो उसने इस सेवा को और बेहतर बनाने की दिशा में कोई काम नहीं किया। अलबत्ता उसका नाम डॉयल 100 से डॉयल 112 कर अपनी योजना बताने का कुत्सित प्रयास किया मगर जनता जानती है कि इस योजना का श्रेय सिर्फ और सिर्फ श्री अखिलेश यादव की आधुनिक सोच को जाता है। समाजवादी सरकार में पुलिस तंत्र को मजबूत करने के लिए बनाये गए डॉयल 100 सिस्टम को भाजपा सरकार ने बर्बाद कर दिया है।

इस सरकार ने पुलिस व्यवस्था को ठीक करने के बजाय पहले नाम बदला, निष्क्रिय किया, अब वह वहां कार्यरत महिला कर्मचारियों को नौकरी से निकालने का षड्यंत्र कर रही है। कर्मचारियों के साथ भाजपा सरकार का कारनामा शर्मनाक, निन्दनीय और असहनीय है।

महिला कर्मचारियों को तय वेतन न देकर




समर्थन में धरना देते रहे।

दीपावली का पर्व आने पर भी बहन-बेटियां धरना देती रहीं तो समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव ने उनके साथ दीपावली पर्व मनाने का फैसला किया ताकि उनका त्योहार फीका न हो। उन्होंने डायल 112 की संघर्षरत बहनों को अपने आवास पर आमंत्रित किया और उनके साथ परिवार की तरह दीपावली मनाई। इस अवसर श्री यादव ने उन्हें आश्वस्त किया कि समाजवादी पार्टी डायल 112 की बहनों के संघर्ष की आवाज बनेगी।

डॉयल 112 की बहन-बेटियों पर जुल्म के बाद भी भाजपा सरकार का नारी शक्ति पर जुल्म कम नहीं हुआ। 18 नवंबर को सहायक शिक्षक भर्ती में की गई अनियमितताओं के विरोध में धरनारत महिलाओं और उनके मासूम बच्चों पर भाजपा सरकार की पुलिस ने बर्बरतापूर्ण व्यवहार करते हुए उन्हें घसीटते हुए धक्कामुक्की की। कई महिलाओं और बच्चों को चोटें आईं। उनमें से कुछ को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस घटना पर भी समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि नारी के खिलाफ भाजपा सरकार में शासन-प्रशासन शक्ति का दुरुपयोग कर रहा है। भाजपा के नारी सशक्तिकरण का सच विरोधाभासी रूप है। भाजपा ने नारी वंदन नहीं नारी क्रंदन की शुरुआत की है।

उनका उत्पीड़न किया गया। उन्हें लेटर भी नहीं दिया और जब वे ठिठुरती हुई रातभर धरनारत रहीं तो उनपर लाठियां बरसाईं गईं। पुरुष पुलिस वालों ने महिला कर्मचारियों के साथ बदसलूकी की। उनपर फर्जी मुकदमा लाद दिया गया। बहन-बेटियों पर जुल्म बढ़ा तो समाजवादी पार्टी नारी शक्ति के समर्थन में आ गई।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव खुद इन बहन-बेटियों के समर्थन में मुखर हुए। उन्होंने इस जुल्म पर कहा कि भाजपा के नारी वंदन का यही असली रूप है। यह भाजपा का नारी वंदन नहीं, नारी बंधन है। भाजपा महिलाओं को प्रत्येक स्तर पर धोखा रही है।

उन्होंने दुख जताया कि दीपावली के दिन बहन-बेटियों का उत्पीड़न किया जा रहा है। दूसरी कम्पनी को काम देकर मुनाफा कमाया जा रहा है जबकि काम करने वाली लड़कियों को ठंड में बिना खाना पानी के छोड़ दिया गया है। परिवार वालों का दुःख परिवार वाला ही समझ सकता है। भाजपा सरकार किसी की सुनने वाली नहीं है। क्या सरकार के पास इतना बजट नहीं है कि प्रदेश के लोगों की मदद करने वाली महिलाओं का वेतन 3 हजार रुपये बढ़ा दिये जाएं। उन्होंने ऐलान किया कि वह डॉयल 112 में कार्यरत महिला कर्मचारियों को भरोसा दिलाते है कि समाजवादी सरकार बनने पर उनकी जितनी मांग है वेतन उसका दुगना बढ़ा देंगे। अगर उनकी मांग 3 हजार है तो हम दुगना 6 हजार रुपये बढ़ाएंगे।

श्री अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार लगातार महिलाओं और नौजवानों को अपमानित कर रही है। नौकरी और रोजगार मांगने पर पुलिस से पिटवाती है। अपमानित कराती है।महिलाओं को आरक्षण देने का झूठा सपना दिखाने वाले अब उनकी नौकरी छीन रहे हैं और उनके परिजन सड़क पर आ गये हैं।

श्री अखिलेश यादव के निर्देश पर पूर्व एमएलसी सुनील सिंह साजन, समाजवादी महिला सभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष जूही सिंह, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी पूजा शुक्ला, नेहा यादव, वंदना चतुर्वेदीआदि नेताओं ने इको गार्डन पहुंच कर डॉयल 112 की पीड़ित महिला कर्मचारियों से मुलाकात की। उनके धरने में शामिल हुए और उनकी मांगों का समर्थन किया। समाजवादी पार्टी के नेता-कार्यकर्ता लगातार इन बहन-बेटियों के

## खजांची का 7वां जन्मदिन

# तोहफों संग नोटबंदी की चर्चा



बुलेटिन ब्यूरो

समाजवादी पार्टी के राज्य मुख्यालय पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव ने नोटबंदी के दौरान जन्म लेने वाले बच्चे खजांची के सातवें जन्मदिन को सादगी के साथ मनाया। केक काटने के बाद खजांची को राष्ट्रीय अध्यक्ष समेत वरिष्ठ नेताओं ने उपहार भी दिए।

उल्लेखनीय है कि 8 नवंबर 2016 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नोटबंदी का ऐलान किया था। नोटबंदी के बाद 2 दिसंबर 2016 को कानपुर देहात के रसूलाबाद क्षेत्र में पंजाब नेशनल बैंक में नोट बदलवाने के लिए लम्बी लाइन में लगी महिला ने नवजात शिशु को जन्म दिया था। श्री अखिलेश यादव ने नवजात शिशु को खजांची नाम दिया था। सपा के राज्य मुख्यालय पर प्रतिवर्ष खजांची का जन्मदिन मनाने के क्रम में इस वर्ष भी उसका जन्मदिन मनाया गया।

पांच राज्यों में हो रहे चुनाव की व्यस्तताओं की वजह से खजांची का जन्मदिन इस बार 11 नवंबर को ही मनाया गया। खजांची के जन्मदिन पर उसकी इच्छानुसार साइकिल और अन्य उपहार दिए गए। इस अवसर पर श्री अखिलेश यादव ने कहा कि खजांची की लड़ाई भाजपा सरकार से है। भाजपा हटेगी तभी प्रदेश की समस्याएं मिटेंगी। कानून व्यवस्था भी तभी सुधरेगी।

इस मौके पर मीडिया से मुखातिब होते हुए श्री अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार की नोटबंदी दुनिया का सबसे







बड़ा भ्रष्टाचार है। देश में जो 15 लाख करोड़ रुपये का फ्राड और नुकसान हुआ था उसी की भरपाई के लिए इस सरकार ने सोची समझी रणनीति के तहत नोटबंदी का फैसला लिया था।

उन्होंने कहा कि सरकार ने जनता का सारा पैसा बैंकों में जमा करा दिया। गरीबों का पैसा लेकर अमीरों की तिजोरी भरने का काम किया गया। प्रधानमंत्री जी ने कहा था कि नोटबंदी से भ्रष्टाचार और आतंकवाद खत्म हो जाएगा। महंगाई कम होगी लेकिन उनका दावा झूठा साबित हुआ। नोटबंदी के बाद भी न भ्रष्टाचार कम हुआ, न महंगाई रुकी और नहीं आतंकवाद खत्म हुआ। आज देश में महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार चरम पर है।

उन्होंने कहा कि आंकड़ों के अनुसार आज भी देश में 33 लाख करोड़ कैश मार्केट में है। आज भी ज्यादातर लोग डिजिटल के बजाय कैश में ही लेन-देन कर रहे हैं। जमीनों और प्रमुख चीजों की खरीदारी कैश में हो रही है। सभी ने देखा कि जमीनों की रजिस्ट्री और खरीद में बड़े पैमाने पर कैश में लेन-देन हुआ और भ्रष्टाचार हुआ। अयोध्या में जो जमीनों की रजिस्ट्री हुई उनमें भाजपा के लोग शामिल रहे।

उपलब्धि

# विश्वकप क्रिकेट में दिखी समाजवादी विकास की धमक




बुलेटिन ब्यूरो

हाल में संपन्न हुए विश्व कप क्रिकेट प्रतियोगिता के दौरान खेलों के विकास के समाजवादी मॉडल की खूब धमक रही। खास तौर पर उन मौकों पर जब प्रतियोगिता के मैचों का आयोजन लखनऊ के इकाना स्टेडियम में हुआ। इस स्टेडियम का निर्माण श्री अखिलेश यादव के नेतृत्व वाली सपा सरकार के कार्यकाल में हुआ था। श्री अखिलेश यादव की विकासपरक सोच और दूरदर्शिता के कारण ही उत्तर प्रदेश की राजधानी को विश्व कप क्रिकेट जैसे प्रतिष्ठित आयोजन के दौरान मैचों को कराने का अवसर मिल पाया।

इकॉना स्टेडियम में 29 अक्टूबर को भारत-इंग्लैण्ड के बीचहुए मैच के आयोजन की चर्चा भारत से इंग्लैण्ड तक रही। राजधानी लखनऊ के इस अन्तर्राष्ट्रीय स्टेडियम में मैच देखने का सुअवसर इसलिए अहमियत वाला था क्योंकि इसके पहले राजधानी लखनऊ में अंतर्राष्ट्रीय स्तर के मैच देखने के लिए लोग तरसते थे। समाजवादी पार्टी की सरकार में श्री अखिलेश यादव ने राजधानी लखनऊ में अंतर्राष्ट्रीय स्तर



का स्टेडियम बनाकर लोगों को यह सुअवसर प्रदान किया। मैच के मैच के दौरान लोग इसका श्रेय श्री अखिलेश यादव को देते रहे।

श्री अखिलेश यादव का विकास का विजन बिल्कुल स्पष्ट है। उन्होंने अपनी सरकार में प्रदेश को ऐसे कई दर्शनीय स्थल दिए हैं जो अपने ढंग के हैं और उनको बार-बार याद किया जाता है। अपने कार्यकाल में उन्होंने अन्तर्राष्ट्रीय स्तर का इकाना स्टेडियम बनाया जिससे बड़े मैचों का सूखा खत्म हो गया। आज हर बड़े मैच का केन्द्र लखनऊ है।

श्री अखिलेश यादव का क्रिकेट प्रेम जग जाहिर है। मुख्यमंत्री बनने पर उन्होंने आईएएस के साथ मैच की शुरुआत की थी। मुख्यमंत्री रहते सन् 2015 में वे लंदन प्रवास में लॉर्ड्स के प्रसिद्ध स्टेडियम को देखने गए थे। एक सप्ताह की इस यात्रा में उनके साथ तत्कालीन कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र चौधरी भी थे।

श्री यादव ने लंदन का सुप्रसिद्ध हाईड पार्क भी घूमा और उसके क्षेत्रफल के बराबर उन्होंने लखनऊ में जनेश्वर मिश्र पार्क का निर्माण कराया। लंदन की टेम्स नदी के तर्ज पर लखनऊ में उन्होंने जनप्रिय स्थल गोमती रिवरफ्रंट भी बनाया।

श्री राजेन्द्र चौधरी ने बताया कि वे और श्री अखिलेश यादव लंदन के हाइड पार्क के LIDO रेस्टोरेंट में अक्सर कॉफी पीने के लिए जाते थे।

महिला अपराध नियंत्रण के लिए 1090 और यूपी डायल 100 जैसी पुलिस रिस्पांस सिस्टम की शुरुआत उन्होंने की। लखनऊ में ट्रैफिक जाम से निजात पाने के लिए राजधानीवासियों की सुविधा के लिए मेट्रो रेल चलाई।

श्री अखिलेश यादव के कार्यकाल में राजधानी लखनऊ सहित प्रदेश के अन्य जनपदों में चौड़ी सड़कों का जाल बिछाया गया। पूरे प्रदेश के जनपदों में मेडिकल कॉलेज, अस्पताल बनाकर स्वास्थ्य सेवाओं में उत्कृष्ट कार्य किया। आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे देश का पहला शानदार एक्सप्रेस-वे है। प्रदेश और राजधानी लखनऊ में जो भी विकास के कार्य हुए हैं वे सब समाजवादी पार्टी की सरकार में हुए हैं। इस बात का प्रमाण है कि भाजपा सरकार के दोनों कार्यकाल में एक भी उल्लेखनीय कार्य नहीं किया गया।

# महोत्सव में उभरे यूपी-उत्तराखंड के साझा रंग



बुलेटिन ब्यूरो

राजधानी लखनऊ में हर साल लगने वाला उत्तराखंड महोत्सव उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड राज्य के सदियों पुराने मजबूत रिश्तों की मिसाल है। ये दोनों प्रदेश अलग जरूर हैं मगर उनमें परस्पर संबंधों की वजह से अनूठा रिश्ता है जो हर साल उत्तराखंड महोत्सव के जरिये मिठास घोलता रहता है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव भी हमेशा से यह मानते हैं कि उत्तर प्रदेश और उत्तराखण्ड दोनों विकास के मामले में एक दूसरे के सहायक हो सकते हैं।

इस बार 2 नवंबर को 10 दिवसीय उत्तराखंड महोत्सव राजधानी में शुरू हुआ। उत्तराखंड महोत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र चौधरी व एमएलसी जासमीर अंसारी को शाल ओढ़ाकर विशिष्ट टोपी पहनाकर व प्रतीक चिह्न देकर मुख्य संयोजक भवान सिंह गर्बियाल, संयोजक दीवान सिंह अधिकारी, हेमचन्द्र सिंह, हरीश चंद्र पंत, महासचिव भरत सिंह बिष्ट आदि ने सम्मानित किया।

महोत्सव को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री राजेन्द्र चौधरी ने उत्तर प्रदेश- उत्तराखण्ड के गौरवपूर्ण रिश्तों का उल्लेख करते हुए कहा कि हमारे बीच का भाईचारा अटूट है। यही रिश्ता उन्हें इस महोत्सव में आने का अवसर








देता है। उत्तराखंड देवभूमि नमनीय है। यहां केदार, बद्री धाम के अलावा अन्य आस्था के स्थल हैं। मां गंगा का उद्भव उत्तराखंड से होकर उत्तर प्रदेश में सैकड़ों किलोमीटर तक प्रवाहित होती है। उत्तराखण्ड और उत्तर प्रदेश में जीवनदायनी पवित्र नदी प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर खनिज और मिलीजुली संस्कृति से बहुत सम्पन्नता है।

उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड दो अलग राज्य हैं पर उनमें एक ही जीवन की रसधारा बहती है। श्री राजेन्द्र चौधरी ने कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव ने स्वयं परिवार के साथ देव प्रयाग के संगम पर पूजा-अर्चना की थी। उनकी रुचि प्राकृतिक संपदा के संरक्षण तथा पर्यावरण के संरक्षण में है। अपनी उत्तराखण्ड यात्रा में उन्होंने उत्तराखंड के विकास के लिए विशेष चर्चा भी की। इस अवसर पर गाजियाबाद के सामाजिक नेता प्रेमचंद्र गुप्ता, युवा नेता अमरजीत यादव तथा वरिष्ठ पत्रकार मधुकर त्रिवेदी भी मौजूद रहे।

उत्तराखंड महोत्सव में पर्वतीय संस्कृति में पारंपरिक नृत्य, लोक नृत्य, वहां की कला, वहां के गीत और रंग बिरंगे परिधान, हस्तशिल्प तथा विविध खाद्य पदार्थ सभी आकर्षण का केंद्र रहे। महोत्सव में छोलिया जौनसारी, गाजीपुर के धोबिया नृत्य और झोड़ा नृत्य की धूम रही। बच्चों ने भी कई मोहक प्रस्तुतियां दीं। सांस्कृतिक दलों, रंग मंडल और कवि सम्मेलन के आयोजन भी हुए। महोत्सव में लगे पंडाल आकर्षित करने वाले रहे। पहाड़ की बाल मिठाई, जैविक उत्पाद, मोटा अनाज मिलेट्स, अचार, सब्जी, हाथों हाथ बिकती दिखी।



# साफ़ और बेबाक



**Akhilesh Yadav**
@yadavakhilesh

Socialist Leader of India. Chief Minister of UP (2012 - 2017)

---

**Akhilesh Yadav**
@yadavakhilesh

नेताजी के उसूलों की याद हमेशा बनी रहे और वो हमेशा एक प्रकाश स्तंभ की तरह सकारात्मक राह दिखाती रहे, इसी बड़ी सोच की बुनियाद पर गाँव सैफई में उनका ये स्मारक मुकम्मल होगा।

Translate Tweet



---

**Akhilesh Yadav**
@yadavakhilesh

आज उप्र में भाजपा के भू-माफ़ियाओं के कारण लोग वीडियो बनाकर आत्महत्या करने पर मजबूर हो रहे हैं।

कार्रवाई करने के लिए इससे बड़ा सबूत और क्या चाहिए?

---

**Akhilesh Yadav**
@yadavakhilesh

इस बार हमने अपने घर पर 'डायल 100' की संघर्षरत बहनों के साथ, एक परिवार की तरह दीवाली मनाई और उन्हें आश्वस्त किया कि सपा 'डायल 100' की बहनों के संघर्ष की आवाज़ बनेगी। साथ ही इस संवेदनात्मक-संकल्प के दीप भी जलाए कि उनके साथ, बिना किसी दुर्भावना के सच्चा न्याय सुनिश्चित हो।

'संवेदना' समाजवादी मूल्यों की भावनात्मक-कोख होती है, जिससे समाज के शोषितों के लिए सद्भावना जन्म लेती है।

Translate Tweet



---

**Akhilesh Yadav**
@yadavakhilesh

PDA लाएगा 'नया सवेरा'



---

**Akhilesh Yadav**
@yadavakhilesh

Met DMK MP Shri TR Baalu in Delhi and received an invite from the Chief Minister of Tamil Nadu, Shri MK Stalin, to attend the unveiling ceremony of former Prime Minister Shri VP Singh's statue.



---

**Akhilesh Yadav**
@yadavakhilesh

भाजपाई मंत्री वोट की खोज में
दलित के घर दिखावटी भोज में

एक दलित के घर बाहर से मँगवायी गयी सब्ज़ी, घी आदि को लाकर और फ़ोटो खिंचवाकर झूठा 'दलित प्रेम' दिखलानेवाले भाजपा के मंत्री जी अपने पीछे शिकायत भरी आशाएं छोड़ गये हैं। मंत्री जी उस ग़रीब परिवार का कम-से-कम राशन कार्ड ही बनवा देते, चलो एक महीने का समय दिया अब बनवा दें; नहीं तो ये काम सपा के कार्यकर्ता करवा देंगे और वादा है जब वो राशनकार्ड बन जायेगा तो उसकी फ़ोटो यहाँ ज़रूर डालेंगे।

---

**Akhilesh Yadav**
@yadavakhilesh

कभी 'मंज़िल' रह जाती है दूर बस एक क़दम
पर शिखर तक पहुँचना भी कहाँ होता है कम

आस्ट्रेलिया को क्रिकेट वर्ल्ड कप जीतने की और अपने देश की टीम को लगातार अच्छे प्रदर्शन से यहाँ तक पहुँचने की बधाई!

सबसे बड़ी जीत खेल भावना की होती है।

Translate Tweet




---

**Akhilesh Yadav**
@yadavakhilesh

ये है भाजपा के नारी सशक्तीकरण के सच का विरोधाभासी रूप, जब नारी के ख़िलाफ़ शासन-प्रशासन शक्ति का दुरुपयोग कर रहा है।

भाजपा ने 'नारी वंदन' नहीं, 'नारी क्रंदन' की शुरुआत की है।

Translate Tweet




---

**Akhilesh Yadav**
@yadavakhilesh

प्रयागराज में मुख्यमंत्री जी द्वारा उद्घाटित पुल का 10 घंटे में ही दरक जाना एक गंभीर विषय है, जबकि कुंभ मेले का समय पास आता जा रहा है। भ्रष्टाचार के कमजोर स्तंभों पर मज़बूत पुल कैसे बन सकते हैं?

गुजरात में भी ऐसा ही हुआ था। जन-जीवन की सुरक्षा के लिए आग्रह है, 'गुजरात का विकास मॉडल' यहाँ न लगाया जाए।



Following

**Akhilesh Yadav** @yadavakhilesh

शिक्षा का अधिकार छीननेवाले, विकास विरोधी होते हैं और संकीर्ण मानसिकता व नकारात्मक रूढ़िवादी सोच के भी।

भाजपा सरकार ये बुनियादी बात समझ ले कि देश-प्रदेश को आगे ले जाने के लिए स्कूल बंद नहीं किये जाते, खोले जाते हैं।

Translate Tweet




**Akhilesh Yadav** @yadavakhilesh

माननीय आज़म ख़ान जी के परिवार को जिस प्रकार प्रताड़ित किये जाने का कुचक्र चल रहा है वो बेहद निंदनीय है। परिवार के सदस्यों को अलग-अलग करना सत्ताधारियों की सियासत का पुराना चलन है और उम्र के तक़ाज़े से किसी भी हाल में जायज़ नहीं। इंसाफ़ के लिए उनके संघर्ष में सब साथ खड़े रहे हैं और रहेंगे।

**Akhilesh Yadav** @yadavakhilesh

भाजपा राज, उप्र शर्मसार!

भाजपा राज का पंचनामा

- हाथरस की बेटी बलात्कार-हत्याकांड
- लखीमपुर खीरी कांड में किसानों की जीप से हत्या
- आईपीएस वसूली कांड में महीनों फ़रार
- कानपुर में प्रशासन द्वारा झोपड़ी अग्निकांड-हत्याकांड
- बीएचयू में छात्रा के साथ अभूतपूर्व अभद्रता...

कोई माननीय से पूछे क्या उप्र की यही पहचान आपने बनायी है। अपने ऊपर चल रहे मुक़दमे हटवा लेने व जनता के टैक्स के पैसों से सरकारी आत्म-प्रचार करने से प्रदेश की छवि नहीं बनती बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य, संरचना, सौहार्द, सकारात्मक सोच और सुशासन के सच्चे समाचारों से बनती है।

**Akhilesh Yadav** @yadavakhilesh

आरक्षण की चोरी, सामाजिक न्याय के साथ अन्याय है। 69000 शिक्षक भर्ती के संघर्ष में हम भी साथ हैं।

Translate Tweet




**Akhilesh Yadav** @yadavakhilesh

ये बेबस पूछ रही है जोड़े हाथ
ग़रीबों का कब होता त्योहार?

Translate Tweet



**Akhilesh Yadav** @yadavakhilesh

दिव्यता के बीच दरिद्रता... जहाँ ग़रीबी दीयों से तेल ले जाने के लिए मजबूर करे, वहाँ उत्सव का प्रकाश धुंधला हो जाता है।

हमारी तो यही कामना है कि एक ऐसा पर्व भी आये, जिसमें सिर्फ़ घाट नहीं, हर ग़रीब का घर भी जगमगाए।

Translate Tweet



**Akhilesh Yadav** @yadavakhilesh

आज सहाराश्री सुब्रत रॉय सहारा जी के अंतिम संस्कार में शामिल होकर उन्हें अर्पित की श्रद्धांजलि एवं शोकाकुल परिजनों से भेंट कर व्यक्त की संवेदना।

भावभीनी श्रद्धांजलि

Translate Tweet



**Akhilesh Yadav** @yadavakhilesh

बुलडोज़र का अन्याय का प्रतीक बन जाना, भाजपा सरकार की सबसे बड़ी नैतिक हार है।

परिवारवाले ही घर का महत्व जानते हैं।

**Akhilesh Yadav** @yadavakhilesh · 1d

नौकरी न मिलने से निराश उप्र की एक प्रतियोगी छात्रा का आत्महत्या करना अत्यंत दुखद और चिंतनीय विषय है।

भाजपा के पास न वर्तमान की समस्याओं का जवाब है और न भविष्य का सपना... भाजपा का जाना ही समाधान है।

#नहीं_चाहिए_भाजपा

**जिंदगी से निराश प्रतियोगी छात्रा ने किया खुदकुशी: सुसाइड नोट में लिखा- मम्मी और पापा, नौकरी नहीं मिल रही, अब नहीं जी सकती**

लखनऊ 22 घंटे पहले



पंजीकृत डाक पंजीकरण संख्या GPO/LW/NP-300/2021-2023 कुल पृष्ठ : 52 डिस्पैच तिथि : 15, 16, 17

# मुलायम सिंह का जिंदा अभी विचार है



धरती पुत्र मुलायम सिंह का जिंदा अभी विचार है
यह समाजवादी विचार ही जनता का हथियार है

मेहनतकश के दिन शोलों के रातें हैं अंगारों की
बीजेपी तस्वीर दिखाती झूठे चांद सितारों की

कितनी चिकनी चुपड़ी बातें होती हैं बटमारों की
कुछ परिवारों की चांदी है रोटी छिनी हजारों की

लोकतंत्र की जगह ये पूजीपतियों की सरकार है
इस स्थिति में आशा के अखिलेश बड़ा किरदार है

कोई नाम खुदा का लेता तो कोई भगवान का
बीजेपी को क्या दिखता इसमें पहलू नुकसान का?

कट्टरपंथ हुआ करता है दुश्मन हर इंसान का
यह बंटवारा करके मानेंगे फिर हिंदुस्तान का

वोटों की ये राजनीति बर्बादी का आधार है
इस साजिश में शामिल पूंजीपतियों की सरकार है

युवकों आओ अपने और पराये का कुछ ध्यान करो
जहां जहां अखिलेश कह रहे वहां वहां प्रस्थान करो

आने वाला कल अपना है इस कल का अभिमान करो
शासन हो मजदूर किसानों का कुछ नया विधान करो

इस कोशिश के बिना हमारा प्रजातंत्र बेकार है
इस कोशिश को विफल बनाती बीजेपी सरकार है।।

-उदय प्रताप सिंह

समाजवादी पार्टी
/samajwadiparty
www.samajwadiparty.in